गौरा के राज दुलारे | By Anup Sawariya

गणपति बाप्पा मोरिया ....

गौरा के राज दुलारे
शंकर की आँख के तारे
जग जग में गूँज रहे हैं
गणपत तेरे जयकारे
पहले पूजा आपकी होती है दातार
भक्तों आओ गौरा को लाल मनाओ
भक्तों आओ गणपति लाल के गुण गाओ

विघ्न हरण मंगल सुख दाता पहले तुम्हे मनाएं
ज्योत जलाकर हे गणनायक तुमको तिलक लगाएं
तुम बुद्धि के हो दाता, हर ज्ञान तुम्ही से आता
मैं भी आया भोग तुम्हारा हूँ लाया

बड़े मान सम्मान से हमने पहले तुम्हे बुलाया
आओ पधारो उत्सव में न्योता हमने भिजवाया
आओ रिद्धि सिद्धि के स्वामी, हम भक्त तेरे अज्ञानी
देव अनूप करे कीर्तन सफल बना जाना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8c%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%9c-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-anup-sawariya/